UNNAO POLICE

प्रेस नोट 01- दिनांक 05.07.2024

थाना आसीवन, जनपद उन्नाव

पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता एवं मारपीट करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय दक्षिणी तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसीवन पुलिस द्वारा पीआरवी कर्मियों के साथ मारपीट व अभद्रता करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 04.07.2024 को समय करीब 21.30 बजे डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि सरवन पुत्र नन्हा उम्र करीब 57 वर्ष व सरवन का पुत्र मनीष उम्र करीब 21 वर्ष निवासी गौराकला शराब के नशे में गली गलौज कर रहे है। सूचना पर पीआरवी 3236 द्वारा मौके पर पहुंचकर दोनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया गया तो सरवन व उसके पुत्र मनीष के द्वारा पीआरवी कर्मियो के साथ अभद्रता व मारपीट की गयी तथा पीआरवी कर्मी आरक्षी कृष्णदेव को छत से धक्का दे दिया। जिसके सन्दर्भ में थाना आसीवन पर मु0अ0सं0 168/24 धारा 221/121(1)/132/125/109/324(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त सरवन व मनीष उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अभियुक्त का विवरण

1.मनीष पुत्र श्रवण उर्फ पप्पू शर्मा उम्र करीब 22 वर्ष

2.श्रवण उर्फ पप्पू शर्मा पुत्र स्व0 नन्हा उम्र करीब 54 वर्ष निवासीगण ग्राम गौराकला थाना आसीवन उन्नाव ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1. उ0नि0 श्री रामऔतार
2. का0 अमित
3. कां0 मानवेन्द्र यादव

प्रेस नोट 02- दिनांक 05.07.2024

थाना हसनगंज, जनपद उन्नाव

मंदिर से घण्टे चोरी करने वाला वांछित चोर गिरफ्तार

चोरी के दस घण्टे बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय दक्षिणी तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनगंज पुलिस द्वारा मंदिर से घण्टे चोरी करने वाले वांछित चोर को चोरी के दस घण्टे बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 16.06.2024 को वादी नन्हकू पुजारी पुत्र नन्हा निवासी मुंनीखेड़ा थाना हसनगंज जनपद उन्नाव द्वारा ब्रम्हदेव मंदिर से घण्टे चोरी के संदर्भ में थाना हसनगंज पर मु0अ0सं0-139/24 धारा 379/411 आईपीसी पंजीकृत कराया गया था। आज दिनांक 05.07.2024 को थाना हसनगंज पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अजीत कुमार लोधी पुत्र मेवालाल नि0ग्राम मुन्नीखेड़ा थाना हसनगंज उन्नाव को एक प्लास्टिक के बोरी में मन्दिर से चोरी के छोटे-बड़े कुल 10 घण्टे वजनी करीब 13.250 किलो ग्राम के साथ मुखबिर खास की सूचना पर मुन्नीखेड़ा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अभियुक्त का विवरण

अजीत कुमार लोधी पुत्र मेवालाल नि0ग्राम मुन्नीखेड़ा थाना हसनगंज उन्नाव उम्र करीब 34 वर्ष

बरामदगी का विवरण

एक प्लास्टिक के बोरी में मन्दिर से चोरी के छोटे बड़े कुल 10 घण्टे वजनी करीब 13.250 किलो ग्राम

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1.प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रकान्त मिश्र थाना हसनगंज उन्नाव।
2.उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना हसनगंज, उन्नाव।
3.हे0का0 राजेश राय थाना हसनगंज, उन्नाव।
4.हे0का0 सहीम खान थाना हसनगंज, उन्नाव।